## छह तस्कर गिरफ्तार, 44 किग्रा गांजा बरामद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय सिंह राणा के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ की बिक्रय, परिवहन में संलिप्त व्यक्तियो के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है तथा पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा भी अवैध मादक पदार्थ के कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुध्द आपरेशन प्रहार चलाया जा रहा हैं, वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा के विधि विरुद्ध कार्य में संलिप्त 06 आरोपियो को 44 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 752/2024 धारा 8/20, 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

कल 14 नवम्बर 24 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग की क्रेटा कार क्र. सी.जी.04-एल.जी-2009 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लाया जा रहा हैं, जिसे सफेद रंग की चैक शर्ट व हल्के भूरे रंग का पेन्ट पहने हुए सांवला रंग का लड़का कार चला रहा हैं, उसके बाजू वाली सीट में सरदार जैसी हुलिया का एक व्यक्ति बैठा हुआ हैं, उक्त वाहन को पास देते हुए सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्र. एम.पी.-20 सी ई.-6155 को नीली जैकेट व सफेद रंग की टी शर्ट व काला पेन्ट पहने हुए व्यक्ति चला रहा हैं, क्रेटा वाहन में रखे माल को खरीदने के लिये सफेद रंग

### तीन कार व छह मोबाइल जब्त,

की स्विफ्ट डिजायर कार क्र. एम.पी.-22-सी.ए.-4784 में दो आदमी बैठे हुए हैं, जो रास्ते में माल की अदला-बदली करेंगे।

सूचना पर तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुये उनि नारायण बघेल के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबिर के बताये अनुसार स्थान थुनियाभाट कलां तालाब के पास पहुँचने पर मौके पर तीन सफेद रंग की कार दिखाई दी जिन्हे दबिश/घेराबंदी कर 06 व्यक्तियों को पकड़ा गया, जिनसे बरिकी से पूछताछ करने पर हितेश पिता नंदकिशोर विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी तामिया रोड, जुन्नारदेव, हरिकृष्णा पिता गणेश राय उम्र 24 वर्ष निवासी दातला जुन्नारदेव, अखिलेश पिता सुंदर रगड़े उम्र 30 वर्ष निवासी जुन्नारदेव, किशन सिंह पिता मुख्यतार सिंह सिद्धू उम्र 46 वर्ष निवासी सरकड़ा कलां तहसील घनौरा, बदायू ज्योतिबाफुले जिला अमरोहा उत्तर प्रदेश, मनोज पिता स्व. अर्जुन प्रसाद पासवान उम्र 40 वर्ष हाल निवासी बड़ा अशोक नगर, गुडहारी जिला रायपुर (छत्तीसगढ़), आदिल पिता स्व. इकबाल अली उम्र 34 वर्ष निवासी जुन्नारदेव छिंदवाड़ा का होना बताये। उक्त तीनो कारों (वाहनों) की तलाशी ली गई, जिसमें सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्र. एम.पी.-22-सी.ए.-4784 की डिक्की के अंदर से अवैध मादक पदार्थ (गांजा) लगभग 22.250 किलोग्राम व सफेद रंग की क्रेटा कार क्र. सी.जी.-04-एल.जी.-2009 के बोनट के अंदर से लगभग 21.850 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला एवं पास में खड़ी सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्र. एम.पी.-20-सी.ई.-6155 में अवैध मादक पदार्थ गांजा की अदला बदली कर ले जाना बताया।

इस प्रकार दोनो कारों (वाहनों) से कुल सम्पत्ति 44 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) कुल कीमती 8,80,000/- (आठ लाख अस्सी हजार) रुपये का आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया, आरोपीगणों द्वारा घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की क्रेटा कार क्र.सी.जी.-04.एल.जी.-2009, कीमती नौ लाख रुपये, सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्र. एम.पी.-20-सी.ई.-6155, कीमती छः लाख रुपये, सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्र. एम.पी.-22-सी.ए.-4784, कीमती आठ लाख रुपये तथा 06 नग एंड्राईड मोबाईल व 01 नग कीपैड मोबाईल, कीमती 1,25,000/- रुपये इस प्रकार कुल सम्पत्ति 33,05,000/- रुपये को जप्त कर आरोपीगणो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाता हैं। मामले में अन्य तीन आरोपियों की तलाश जारी है।

## जप्तशुदा 25 साइलेंसरों पर चला पुलिस का बुलडोजर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत कान फाडु तेज आवाज वाले जप्तशुदा 20 साइलेंसर बुलडोजर चलाकर नष्ट किए गए। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से अभिनव पहल करते हुये जिले के नगरीय एवं व्यस्तम क्षेत्रों में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य यातायात बाधित करने वाले दुकानदार, हाथ ठेले एवं वाहन चालकों के विरुद्ध को समझाईस देना एवं समझाईस के उपरान्त सुधार न आने पर उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना है। साथ ही नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों को समझाइस देने के उपरान्त भी जिन वाहन चालकों में सुधार नही हुआ उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना है। साथ ही विगत दिनों में जिले में कान फाडु तेज आवाज वाले साइलेंसर दो पहिया वाहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 20 बाइक्स (बुलेट) एवं कान फाडु सायलेंसर लगाने पर उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए वाहनों से साइलेन्सर निकाले जाकर जप्त किए गए थे।

**25 साइलेंसर बुलडोजर चलाकर किए गए नष्ट** -पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला अंतर्गत नरसिंहपुर पुलिस द्वारा कान फाडु तेज आवाज वाले साइलेंसर (दो पहिया वाहन) के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 20 बाइक्स (बुलेट) एवं कान फाडु सायलेंसर लगाने पर उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए वाहनों से साइलेन्सर निकाले जाकर जप्त किए गए थे जिन्हे आज दिनांक 13 नवंबर को सुभाष पार्क चौराहे पर बुल्डोजर के माध्यम से नष्ट कर आमजनों को संदेश दिया गया कि अपने वाहनों में तेज आबाज वाले सायलेंसरों का उपयोग न किया जाए।

### सार-समाचार

## जीव दया की मिसाल बनी सर्वोदय अहिंसा, पांचवी मंजिल पर फंसे उल्लू को बचाया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी गुरुवार के शुभ दिन नगर के गुलबरा स्थित जैन मंदिर के पीछे वर्धमान रेसीडेंसी के पंचवें मंजिल की गैलरी पर सुरक्षा के लिए लगाई गई जाली में रात को एक उल्लू फस गया और पूरी रात उसी में उलझा रहा।

सुबह गैलरी का दरबाजा खोलते ही प्रभात अग्रवाल की नजर जाली में फसे उल्लू पर पड़ी तो उन्होंने उल्लू को बचाने के लिए तुरंत ही जीव दया एवं अहिंसा प्रेमी सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन से मदद मांगी। सूचना मिलते ही दीपक राज जैन अहिंसा प्रेमी सर्प मित्र हेमंत गोदरे को लेकर वर्धमान रेसीडेंसी पहुंचे तो देखा कि पंचमी मंजिल पर सुरक्षा के लिए लगाई गई

नायलॉन की जाली में उल्लू बुरी तरह फसा हुआ है। अहिंसा प्रेमियों ने कुशलता पूर्वक उसका रेक्स्यू किया और उसके पैर में उलझी हुई नायलॉन की जाली को निकाल कर उसे महामंत्र श्री णमोकार का पाठ सुनाया साथ ही उसे जलपान कराकर उसके कुशल जीवन की मंगल कामना की। रात्रि होने पर अहिंसा प्रेमियों ने उल्लू को उसी परिसर में खुले आसमान में विचरण करने के लिए छोड़ दिया क्योंकि हो सकता है उसका परिवार उसकी रस्ता देख रहा होगा। जीव दया के इस नेक एवं पवित्र कार्य के लिए अग्रवाल परिवार सहित संजय जैन एवं वर्धमान रेसीडेंसी के सभी गणमान्य नागरिकों ने अहिंसा प्रेमी दीपक राज जैन एवं सर्प मित्र हेमंत गोदरे को हार्दिक बधाई दी।

## 54वें नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 450 मरीजों का उपचार किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में 54 वा स्वास्थ्य शिविर चौरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खूंट पिपरिया में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 504 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 450 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गये 54 गंभीर मरीजो को रेफर किया गया।

## उपभोक्ता मामले और खाद्य सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थाई समिति के अध्ययन दौरे में जयपुर जाएंगे सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उपभोक्ता मामले खाद और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों का 16 नवंबर को जयपुर अध्ययन दौरा कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में उपभोक्ता मामले खाद और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थाई समिति के सदस्य छिंदवाड़ा पांढुरना संसदीय क्षेत्र के सांसद बंटी विवेक साहू शामिल होंगे। अध्ययन दौरा कार्यक्रम अंतर्गत राजस्थान राज्य में बैंक के क्षेत्र में उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा विषय पर उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार बैंकों की प्रतिनिधियों के साथ अनौपचारिक बैठक करेंगे। खाद गोदाम में खाद्यानों की बर्बादी और नियंत्रण के उपाय विषय पर एफ.सी.आई. और सी.डब्ल्यू.सी. के प्रतिनिधियों के साथ समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य चर्चा करेंगे।

## बाल दिवस पर छात्रों को बांटे पुरस्कार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।**प्रभारी जनपद मुख्य कार्य पालन अधिकारी करेली अतिरिक्त कलेक्टर शुभम् यादव द्वारा विकासखंड करेली की शासकीय माध्यमिक शाला जोबा का अवलोकन कर बाल दिवस पर छात्र छात्राओं द्वारा खेल आयोजन में सहभागिता की एवं छात्र छात्राओं को पुरुस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। अवलोकन के दौरान जनपद शिक्षा केंद्र करेली बी आर सी प्रमेंद्र सिंह जाट, सीएसी नितिन नारोलिया, विद्यालय से शिक्षक सुधीर तिवारी एवम् शाला परिवार उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया बाल दिवस बालाजी पब्लिक स्कूल में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हमारे देश भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु का जन्म दिवस नगर के बालाजी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षावार विभिन्न मनोरंजक खेल खेले गए। बच्चों ने जहाँ संगीत की धुनों पर नृत्य करके बाल दिवस का आनंद उठाया तो वहीँ शिक्षिकाओं ने समूह नृत्य के माध्यम से बच्चों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को टॉफी वितरित के गयी। बाल दिवस का यह दिन बच्चों के लिए बहुत आनंददायक रहा।

## एक थैला, एक थाली संग्रह अभियान

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** । प्रयागराज कुंभ मेले को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए संघ की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा चलाया जा रहा है। एक थैला एक थाली संग्रह अभियान पर्यावरण गतिविधि के विभाग संयोजक दिगंबर सिंह राजपूत द्वारा बताया गया कि प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 75 देशो से 35 से 40 करोड़ श्रद्धालु आने का अनुमान है। जिसमें 40,000 टन कचरा निकलने का अनुमान है, जिसमें हमारी भूमिका जन जागरण एवं इस अभियान को सफल बनाकर पवित्र महाकुंभ को पॉलिथीन मुक्त कर सकते हैं। 30 नवंबर तक एक थैला एक थाली संग्रह अभियान को चलाकर संग्रह थैला थाली दिसंबर माह में प्रयागराज भेजने की योजना है।

## विद्यालय में विधिक सहायता पर निबंध प्रतियोगिता

### तनिष्का मर्सकोले प्रथम, नाजिया हनफी दूसरे और आफिया अनम खान को तीसरा पुरुस्कार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 04 से 09 नवंबर 2024 तक आयोजित न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विगत 6 नवंबर 2024 को पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा में नि:शुल्क विधिक सहायता एक संवैधानिक अधिकार है विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसका पुरस्कार वितरण कार्यक्रम कल 14 नवंबर 2024 को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार की मुख्य उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया, जिसमें प्रथम स्थान कु. तनिष्का मर्सकोले, व्दितीय स्थान कु. नाजिया हनफी एवं तृतीय स्थान पर कु. आफिया अनम खान रहे। इसके बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री हुद्दार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया कि म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा समाज के वंचित वर्ग के लोगों तक समान रूप से न्याय की पहुंच सुनिश्चित हो, इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है किंतु आवश्यकता है, जागरूकता की। आम जनता को यह जानकारी नहीं है कि विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता लेकर वे नि:शुल्क

रूप से न्याय प्राप्त कर सकते हैं, यही जानकारी देने के लिए 04 से 09 नवंबर 2024 तक न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया था, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आम जनता में न्याय के प्रति जागरूकता एवं नि:शुल्क कानूनी सहायता संबंधी जानकारी दी गई। इसी कड़ी में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसका पुरस्कार वितरण आज किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री हुद्दार ने बाल दिवस के अवसर पर उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को बधाई भी दी।

कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेमपालसिंह ठाकुर, जिला विधिक सहायता अधिकारी विजय कुमार खोब्रागड़े, संस्था प्राचार्य हरिप्रसाद धारकर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## पिस्टल व जिंदा कारतूस सहित तीन गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए.पी. सिंह के निर्देशन में छिंदवाड़ा जिले में अवैध हथियार की तस्करी, ब्रिकी करने वाले आरोपियो के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही करने का जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं, जिसके अंतर्गत नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर दिनांक 13 नवम्बर 24 को सूचना प्राप्त हुई कि मोहन नगर छिंदवाड़ा शराब भट्टी के पास कबाड़े के सामने ग्राऊंड में तीन लड़के अपने कब्जे में अवैध हथियार (देशी पिस्टल कारुतूस) रखे हुए हैं। आपस में खरीदी ब्रिकी करने की बातचीत कर रहे हैं।

तत्काल कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये गए स्थान पर जाकर बताये गये हुलिया के व्यक्तियो को चिन्हित कर उन्हें दबिश/घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिनसे बारिकी से पूछताछ एवं तलाशी लेने पर आरोपीगण फरदीन उर्फ फन्जू पिता असगर सिद्दकी उम्र 24 साल निवासी नूरी मस्जिद के पास छिंदवाड़ा के कब्जे से एक देशी पिस्टल एवं एक नग जिंदा कारतूस, अरमान पिता नजीम खान उम्र 19 साल निवासी मंगली बाजार चांदामेटा के कब्जे से एक जिंदा कारतूस, दुर्गेश उर्फ सागर पिता किशोर रगड़े उम्र 31 वर्ष निवासी अष्टभुजा चौक जुन्नारदेव के कब्जे से एक नग देशी पिस्टल एवं एक नग जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

इस प्रकार तीनो आरोपियो से कुल 02 नग देशी पिस्टल, कीमती 50,000/- रुपये एवं 3 नग बुलेट (जिंदा कारतूस) कीमती 3,000/- रुपये तथा 03 नग एंड्राईड मोबाईल कीमती 24,000/- रुपये, कुल जप्त संपत्ति कीमती 77,000/- रुपये जप्त कर गिरफ्तार किया जाकर, आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध क्रमांक 751/24 धारा 25 (1)(ए) आयुध अधिनियम 1959 का पंजीबद्ध कर आरोपीगणो को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया हैं। प्रकरण में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी हैं ।

## जल्दी पूर्ण हो बुजर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला कलेक्टरेड में सी एस सी की एकदिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई ।जिसमे सीएससी स्टेट हेड अतुलित राय सहित सीएससी राज्य परियोजना प्रबंधक तुलेश डहरवाल, आधार प्रमुख अनुराग सिंह एवं सीएससी राज्य टीम से रवि सिंह का आगमन हुआ । इस अवसर पर अतुलित राय ने सभी वी एल ई को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नरसिंहपुर जिले में जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य पूर्ण किया जाये एवं 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड कैंप मोड पर घर घर जाकर बनाना सुनिश्चित करें।70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड का कार्य शत प्रतिशत होना चाहिए,साथ ही सी एस सी मध्यप्रदेश प्रमुख अतुलित राय के बताया की जल्द ही सी एस सी संपदा 2 जैसी सेवाएं भी देने जा रहा है जो सम्पत्ति रजिस्ट्री जैसे कार्यो में वी एल ई को आगे बढ़ने का मौका देगी एवं वर्तमान में मछली पालन करने वाले मछुवारों के रजिस्ट्रेशन का कार्य भी सी एस सी के द्वारा किया जा रहा है।

आधार बनाने में न हो ओवर चार्जिंग,अन्यथा आधार होगा निरस्त - अनुराग सिंह - जैसा की ज्ञात है कि आधार बनाने एवं सुधार कार्य किये जाने पर अलग अलग शुल्क दिया जाता है।

## स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की समीक्षा बैठक ली कलेक्टर ने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका बिसेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए चालू की गई आयुष्मान कार्ड योजना की समीक्षा के दौरान इसकी प्रगति धीमी होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि कुछ ब्लॉक में सीएचओ और एएनएम कार्य नहीं कर रहे हैं, जिसके लिए कलेक्टर ने नाराजगी जताई और जल्द सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने चौरई ब्लॉक में योजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए बीएमओ चौरई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में एएनसी रजिस्ट्रेशन और एनीमिया की पहचान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के मामलों का प्राथमिकता से पता लगाया जाए और इसके इलाज में कोई लापरवाही न हो। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि कुछ अधिकारी अपने मुख्यालय से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा आती है। कलेक्टर ने ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि एनीमिया की पहचान में कोई भी महिला छूटनी नहीं चाहिए। एनीमिक महिलाओं की पहचान कर उचित इलाज की व्यवस्था की जानी चाहिए।

8 दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जाएगा। जिला को हाई-रिस्क कैटेगरी में रखा गया है, इसलिए पोलियो की रोकथाम के लिए विशेष प्रयास किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पोषण ट्रैकर के डेटा को नियमित रूप से अपडेट करने और महिलाओं व बच्चों की पोषण स्थिति पर ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाए लाड़ली लक्ष्मी योजना और समेकित बाल संरक्षण योजना की भी समीक्षा की गईए ताकि इन योजनाओं के तहत सेवाऐं प्रदान की जावें।

# प्राथमिक शाला के बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस

## पीजी कॉलेज की एनएसएस की टीम पहुंची परासिया विकासखंड के ग्राम भमाड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ क्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा के संरक्षण में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंशाराम उईके, प्रो. महेंद्र साहू, महिला ईकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी के मार्गदर्शन में वरिष्ठ स्वयंसेवक विशाल सलामे व लोकेश सनोडिया के नेतृत्व में ग्राम भमाड़ा विकासखंड परासिया के प्राथमिक शाला में छोटे-छोटे बच्चों के साथ भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बाल दिवस मनाया गया जिसमें परासिया विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला भमाड़ा के बच्चों को एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने पेन, चॉकलेट और बिस्किट आदि बाटकर बच्चों को गेम्स खिलाए साथ ही पढ़ाई से संबंधित महत्वपूर्ण कहानियां आदि सुनाई जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

उक्त कार्यों को देखकर स्कूल की प्रधान पाठक बीना भावरकर, प्राथमिक शिक्षक संगीता जोशी एवं महाविद्यालय प्रबंधन ने स्वयंसेवकों के इन कार्यों की प्रशंसा की कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक संकल्प विश्वकर्मा, अमित, योगेश डेहरिया, भूमिका धुर्वे, अमित बारई आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर एन.एस.एस. के स्वयं सेवको ने बाल दिवस के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर पिकनिक का अनुभव किया।

# पार्श्वनाथ जिनालय में सात दिन से चल रहे श्रीअष्टपाहुड़ विधान की पूर्णता आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अष्यन्हिका महापर्व एक त्रैकालिक एवं शाश्वत धार्मिक पर्व है, पर्व अर्थात् पवित्र अवसर, धवलाजी ग्रंथ में इसे श्काल मंगल कहा गया है। इस पर्व का अपर नाम नंदीश्वर महिमा दिवस भी है। यह पर्व वर्ष में तीन बार आता है कार्तिक, फागुन व आषाढ़ माह में जो शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तक मनाया जाता है।

उक्त मार्मिक बात नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा अष्टांहिका महापर्व पर चल रहे अपने प्रवचन में कही बाल ब्रह्मचारिणी डॉक्टर आरती जैन ने उन्होंने कहा कि श्री अरहंत भगवान की भक्ति में आठ पहर चौसठ घड़ी अपने को तल्लीन करने का यह अपूर्व अनुपम पर्व है।

इस तीन लोकमयी विश्व में मध्यलोक है जिसमें आठवें नम्बर का नंदीश्वर द्वीप है। जहाँ बावन अकृत्रिम चैत्यालय है वहाँ देवगण जाकर जिनालयों में स्थित जिनबिम्बों की महामहोत्सव पूर्वक पूजन करते हैं और जिनबिम्बों के दर्शन कर सम्यग्दर्शन की प्राप्ति करते हैं। हम मनुष्यों की वहा जाने की सामर्थ नहीं है अत: हम यहीं से नंदीश्वर के जिनालयों की भावपूर्वक वंदना करते है और सिध्दचक मंडल आदि विधान करते हैं। धर्म पर्व के निमित्त धर्मचर्या हेतु संयम सहित रहते हैं और पंचपरमेष्ठी भगवान से शिक्षा प्राप्त कर आत्मस्वभाव की आराधना इन पवित्र दिनों में करते हैं।

### आज होगी पूर्णता

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि अष्टांहिका महापर्व पर विगत सात दिनों ने पार्श्वनाथ जिनालय नई आबादी में चल रहे श्री अष्टपाहुड़ विधान की पूर्णता आज कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा शुक्रवार 15 नवंबर के शुभ दिन होगी। जिसका शुभारंभ प्रात: 7 बजे श्री जिनबिंब प्रक्षालन से होगा 7.15 बजे से श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री नंदीश्वर दीप पूजन कर श्री अष्टपाहुड़ विधान की पूर्णता कर शांति पाठ के साथ महाअर्ध समर्पित किया जावेगा जिसमें सकल जैन से धर्म लाभ लेने की अपील मंडल एवं फेडरेशन द्वारा की गई है ताकि इस महानतम पर्व के आयोजन में सभी सामाजिक बंधुओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## सार समाचार

### कमलनाथ व नकुलनाथ आयेंगे छिन्दवाड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत नेताद्वय विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

पूर्व सी एम कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार दिनांक 16 नवम्बर को दोपहर 1.30 बजे पूर्व सी एम कमलनाथ का विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। नकुलनाथ का अपराह्नंत पश्चात छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन पश्चात नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

दिनांक 17 नवम्बर को कमलनाथ का दोपहर 12 बजे जिला न्यायालय परिसर छिन्दवाड़ा में आगमन होगा, यहां श्री नाथ जिला अधिवक्ता संघ के शपथ गृहण समारोह में सम्मिलित होंगे तत्पश्चात वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

दिनांक 18 नवम्बर को कमलनाथ व नकुलनाथ सर्वप्रथम प्रात: काल में सिद्ध सिमरिया हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे, तदोपरांत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में कमलनाथ के जन्मदिन पर आयोजित धर्मसभा व अन्य कार्यक्रमों में कमलनाथ व नकुलनाथ सम्मिलित होंगे। कमलनाथ के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश व जिलेभर के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, आमजन व आगंतुकजनों से कमलनाथ व नकुलनाथ अपने शिकारपुर निवास पर भेंट करेंगे। नेताद्वय रात्रि 7.30 बजे स्थानीय दशहरा मैदान में आयोजित कवि सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। दिनांक 19 नवम्बर को कमलनाथ व नकुलनाथ छिन्दवाड़ा से प्रस्थान करेंगे।

### आदि कैलाश एवं नेपाल की यात्रा पर मोटरसाइकिल से आज निकलेंगे आनंद शास्त्री, सांसद दिखाएंगे हरी झंडी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के ग्राम कुंडाली कला निवासी आनंद शास्त्री पिता गुरुदयाल शास्त्री आज 15 नवंबर 2024 को मोटरसाइकिल से अकेले पंच कैलाशो में से एक आदि कैलाश एवं ओमपर्वत एवं नेपाल काठमांडू में श्री महादेव के दर्शन के लिए जाएंगे ।

आनंद शास्त्री परासिया रोड स्थित सांसद निवास स्थान के सामने स्थित हनुमान मंदिर से सुबह 10 बजे अपनी यात्रा प्रारंभ करेंगे। जिसे जिले के सांसद बंटी विवेक साहू उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे यात्रा को लेकर आनंद शास्त्री ने कहा कि वह जिले के विकास सुख शांति समृद्धि के लिए यात्रा कर रहे हैं जिस तरह से हमारे छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र सांसद बंटी विवेक साहू जनता की सुख शांति समृद्धि के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं उन्हीं की प्रेरणा से मैं यह शुभ यात्रा प्रारंभ कर रहा हूं।

### श्री बादल भोई नवनिर्मित संग्रहालय का आज प्रधानमंत्री मोदी करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजाति गौरव दिवस एवं श्री बादल हुई नवनिर्मित संग्रहालय का आज 15 नवंबर को सुबह 10.30 बजे दशहरा मैदान (पोलाग्राउंड) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल लोकार्पण किया जाएगा। इस लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू मुख्य अतिथि के रूप में छिन्दवाड़ा में उपस्थित रहेंगे।

श्री बादल भोई राज आदिवासी संग्रहालय का विस्तार करते हुए अब इसे जनजाति स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को समर्पित किया गया है स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लेने वाले जनजाति नायकों को भूमिकाओं को दर्शाया गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न प्रदेशों में जनजाति स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को समर्पित संग्रहालय के निर्माण की घोषणा की गई थी जिसके अनुक्रम में छिंदवाड़ा स्थित बादल भोई जनजाति संग्रहालय में उपलब्ध 8.5 एकड़ भूमि पर 40.69 करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन निर्माण तथा वन्या जनजाति कार्य विभाग द्वारा क्यूरेशन का कार्य किया जाकर संग्रहालय का निर्माण किया गया है यह स्थल आसपास के कई दर्शनीय स्थल तथा जनजाति स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित महत्वपूर्ण स्थल है। इस कार्यक्रम को जिला प्रशासन द्वारा दशहरा मैदान में आयोजित किया गया है और सभी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

# जिला कृषि स्थायी समिति की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास छिंदवाडा के सभाकक्ष में आज जिला कृषि स्थाई समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कृषि स्थाई समिति की सभापति संगीता तीरथ ठाकुर, सदस्य कमलेश उइके, लखनकुमार वर्मा व चंपालाल कुरचे आदि उपस्थित थे।

उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा विभागीय गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं विभाग द्वारा जिले मे किये जा रहे नवाचार सरसों फसल क्षेत्र विस्तारए गेहूं, चना की उन्नत किस्मों की जानकारी दी गई। कृषि स्थाई समिति की सभापति संगीता तीरथ ठाकुर एवं सभी सम्मानीय सदस्यों द्वारा जिले के प्रथम हैप्पीसीडर हितग्राही कृषक हरीश राय ग्राम झिरपा विकासखंड तामिया को हैप्पीसीडर की चाबी दी गई। सुपर सीडर/हैप्पी सीडर नरवाई प्रबंधन के लिये बेहतर विकल्प है, इसके माध्यम से किसान बिना नरवाई जलाये खेत में सीधी बुआई करते है, जिससे समय एवं लागत की कमी होती है। यह किसानों के लिए लाभप्रद कृषि यंत्र हैं।

बैठक में उर्वरक वितरण की समीक्षा की गई, जिसमें प्राप्त उर्वरक की उपलब्धता पर समिति के सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। डी.ए.पी. के बेहतर विकल्प एन.पी.के. उर्वरक के कैंलेण्डर का विमोचन किया गया।

उपसंचालक उद्यानिकी विभाग श्री एम.एल. उइके द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा अनुदान पर संचालित योजना मिनी स्प्रिंकलर, पॉलीहाउस के बारे मे बताया गया। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार द्वारा विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिले में पशुपालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषक मुकेश डहेरिया ग्राम जुनावानी विकासखंड तामिया द्वारा किये जा रहे कार्यो की वीडियो दिखाई गई, जिसे समिति के सदस्यों द्वारा बहुत सराहा गया। बैठक के क्रम में मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा भी की गई।

## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनाखार में बाल दिवस पर लगाई स्वच्छता की पाठशाला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 15 नवम्बर को नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त के निर्देशानुसार 'बाल दिवस' के उपलक्ष्य में निगम की स्वच्छता टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 22 के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोनाखार में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं को 4 प्रकार का कचरा गीला, सूखा, घरेलू, हानिकारक, सेनेटरी वेस्ट के बारे में समझाइश दी गई और इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट के दुष्परिणाम की जानकारी दी गई साथ ही गीले कचरे से होम कंपोस्टिंग, पॉलीथिन बेन, स्वच्छता महुआ एप, हर 3 साल में सेप्टिक टैंक खाली करवाने हेतु समझाईश दी गई और सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

## जायोन सेवा समिति की शीतल हरपाल पहुंचीं वार्ड 17 के बच्चों के पास और लगाया शिविर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** समाज सेवा के लिए तत्पर जायोंन सेवा समिति की संचालिका शीतल हरपाल ने अपनी टीम के साथ बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच पहुंची और शिविर लगाकर उन्हें आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया।

बताया गया कि कल दिनांक 14 नवंबर 2024 को बाल दिवस के उपलक्ष में जायोंन सेवा समिति जो कि पिछले 2 सालों से गरीब बच्चों के बीच में एजुकेशन और हेल्थ के लिए काम करती है जिसमें की बच्चों को फ्री ट्यूशंस और उनकी जरूरत की चीजें समय-समय उन तक पहुंचती है। बाल दिवस के उपलक्ष में गुरला बाबा टेकड़ी वार्ड नंबर 17 यहां के बच्चों के बीच बाल दिवस मनाया और बच्चों का हेल्थ चेकअप किया, बच्चों को स्वच्छता की शिक्षा दी गई, बच्चों को एजुकेशन से रिलेटेड कॉपियां बाटी गई और खाने की चीज डिस्ट्रीब्यूशन की गई, इसके लिए यहां उपस्थित थे जियोन सेवा समिति की संचालिका शीतल हरपाल, डॉ. किरण विश्वकर्मा, जायोन इंग्लिश मीडियम स्कूल का स्टाफ, शीला मालवी, आशा वाघ, पूजा माहौर, अर्चना यादव सभी ने अपना सहयोग दिया।

# बालश्रम से मुक्त किए गए बच्चों के पुनर्वास का अभियान चलाएं : कलेक्टर

### जिला बाल संरक्षण एवं कल्याण समिति की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 12 नवम्बर 2024 को किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत गठित जिला बाल संरक्षण एवं कल्याण समिति (डी.सी.डब्ल्यू.पी.सी.) की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, डी.एस.पी. यातायात रामेश्वर प्रसाद चौबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ. मोनिका बिसेन, जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, जिला परियोजना समन्वयक, श्रम विभाग, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई के पदाधिकारी, किशोर न्याय अधिनियम के तहत मान्यता प्राप्त जिले में संचालित संस्थाओं बाल गृह, शिशु गृह के अधीक्षक, समेकित बाल संरक्षण सेवा अंतर्गत कार्यरत सभी स्टाफ इस बैठक में सम्मिलित हुये।

बैठक में सर्वप्रथम जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास छिंदवाड़ा डॉ. मोनिका बिसेन द्वारा इस बैठक की रूपरेखा और विषय के बारे में अवगत कराया गया। इसके बाद बाल संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत चन्द्रशेखर नागेश, बाल संरक्षण अधिकारी संस्थानिक अंजना पवार एवं विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अतिशय जैन द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बाल संरक्षण अंतर्गत जिले के विधि विवादित बालकों, अनाथ, निराश्रित, पीड़ित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, स्पोंसरशिप योजना, पी.एम. केयर फॉर चिल्ड्रन योजना, मुख्यमंत्री कोविड 19 बाल सेवा योजना, दत्तक ग्रहण (गोदनामा) योजना, फास्टर केयर योजना, संस्थागत आश्रय और इन योजनाओं से लाभान्वित किये गए बच्चों की स्थिति की समीक्षा एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत स्ट्रीट चिल्ड्रन्स, बाल भिक्षावृत्ति, बालश्रम अभियान आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा इस बैठक में एजेंडा अनुसार समीक्षा कर सभी विभागों को संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से बच्चों से सम्बंधित मुद्दों पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए। श्रम विभाग को निर्देश दिए गए की बाल श्रम में लिप्त बालकों के रेस्क्यू एवं पुनर्वास के लिये अभियान चलाया जाये। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि शाला त्यागी बालकों का शत-प्रतिशत स्कूल में दाखिला कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त संस्थाओं के बेहतर व्यवस्थापन की कार्यवाही की जाये। सभी अनुविभागीय अधिकारी ब्लॉक बाल संरक्षण समिति के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक में बच्चों के संरक्षण को सुनिश्चित करें। बच्चों से सम्बंधित मामलों के लिये सभी विभाग समन्वय कर कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के कार्यकरण एवं कार्यवाही की त्रैमासिक समीक्षा की जाकर लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारीयो को बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर कार्यवाही के लिये आवश्यक निर्देश दिए गए।

## अमरवाड़ा के पौनार शक्ति केन्द्र की बैठक आयोजित

अमरवाड़ा, **देशबन्धु।** । भाजपा ग्रामीण मंडल अमरवाड़ा के शक्ति केंद्र पौनार की महत्वपूर्ण बैठक शक्ति केंद्र निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक नेमा की विशेष उपस्थिति में ग्राम पंचायत भवन पौनार के सभा कक्ष में आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए निर्वाचन अधिकारी दीपक नेमा ने कहा की हमें गर्व है की हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के सदस्य हैं जिसमें लोकतंत्र हैं और इसी प्रावधान के तहत पार्टी के संगठन के चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं बैठक में उपस्थित सदस्यों को निर्वाचन अधिकारी द्वारा बूथ समितियों के निर्वाचन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई वही शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले समस्त बूथों में बूथ समितियों के गठन हेतु तिथियो का निर्धारण किया गया तथा कहा गया कि हर हाल में बूथ को मजबूत करना है तभी आगे आने वाले समय में बूथ के कार्यकर्ताओं के माध्यम से हम चुनाव में सफलता वर्तमान की भांति भविष्य में भी प्राप्त कर सकते है इसके लिए संकल्प लेना होगा, तैयारी के साथ। उक्त बैठक में गर्मजोशी के साथ सभी ने हामी भरी।

बैठक का संचालन भाजपा नेता परमानंद अवस्थी एवं आभार प्रदर्शन जनपद सदस्य संतोष वर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता देवेंद्र पटेल, सुरेंद्र धुर्वे, दुर्गेश गोलू साहू, अंकित साहू, पदम डेहरिया, कमलेश वर्मा, मोनू ठाकुर, लक्ष्मण यादव, संदीप उईके, बाल गोविंद वर्मा, गनाराम इनवाती, सियाराम वर्मा, जितेंद्र सराठे सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।